• राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२७३४६१३, २६७८८६७
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईपीएबीएस : ०७५५-२६७८८६१, २६७८८८१
ईमेल : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.net
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAY
(State Technological University of Madhya Pradesh
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 46203
Phone : 0755 - 2734913, 267889
Fax : 0755 - 274200
EPABX: 0755 - 2678891, 267888
Email : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.ne
Website : www.rgpv.ac.i

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की (64वीं) बैठक दिनांक 22 दिसम्बर 2020 को दोपहर 03.00 बजे, माननीय कुलपति महोदय प्रो. सुनील कुमार की अध्यक्षता में Google Meet के माध्यम से Online सम्पन्न हुई, बैठक का कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :-**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्य ऑनलाइन उपस्थित हुए :-**

01. श्री पी.नरहरि, आयुक्त, तकनीकी शिक्षा, भोपाल।
02. प्रो. मुकेश पाण्डेय्, संचालक, एनर्जी एण्ड एनवायरमेंट, आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
03. प्रो. दीप्ती जैन, संचालक, फार्मेसी, यू.टी.डी., आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
04. प्रो.राकेश सक्सेना, संचालक, एसजीएसआईटीएस, इंदौर।
05. प्रो. आशीष डोंगरे, प्राचार्य एस.व्ही पालीटेक्निक महाविद्यालय, भोपाल।
06. प्रो. अर्चना तिवारी, संचालक, बायोटेक, यू.टी.डी., आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
07. प्रो. रवीन्द्र पटेल, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, एम.सी.ए., आरजीपीव्ही, भोपाल।
08. प्रो. विजय गुप्ता, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, एप्लाइड मैथ्स, आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
09. प्रो. कंजन उपाध्याय, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, केमिकल इंजी., यू.ई.सी. उज्जैन।।
10. प्रो. सुधीर सिंह भदौरिया, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल सिविल इंजी. आरजीपीव्ही, भोपाल।
11. प्रो. संजीव शर्मा, संचालक, इन्फारमेशन टेक्नालाजी,एस.ओ.टी.आई.टी.,आरजीपीव्ही,भोपाल।
12. प्रो. रूपम् गुप्ता, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, इन्फारमेशन टेक्नालाजी, आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
13. प्रो. भाषा शुक्ला, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, हयूमनिटीज, आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
14. डॉ पूर्णिमा स्वरूप खरे, संचालक,नैनोटेक्नालाजी, यू.टी.डी., आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
15. प्रो. सविता व्यास, आचार्य, एनर्जी एण्ड एनवायरमेंट, आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
16. प्रो. नितिन श्रीवास्तव, आचार्य, मेकेनिकल विभाग, यू.आई.टी., आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
17. प्रो. आर.एस. राजपूत, कुलसचिव एवं सदस्य सचिव, आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
18 प्रो.आर.सी गुप्ता, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, इण्डस्ट्रियल प्रोडक्शन, एसजीएसआईटीएस, इंदौर।
19 प्रो.डी.ए. मेहता, अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, कम्प्यूटर साइंस, एसजीएसआईटीएस, इंदौर।

**विशेष आमंत्रित सदस्य :-**

01. डॉ. ए.के. सिंह, नियंत्रक (परीक्षा), आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
02. डॉ. राजेश भार्गव, उपकुलसचिव (शैक्षणिक), आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।
03. डॉ शिखा अग्रवाल , टी.पी.ओ. आर.जी.पी.व्ही., भोपाल।
04. डॉ. निश्चल मिश्रा, सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक), आर.जी.पी.व्ही, भोपाल।

**बैठक में विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों द्वारा सर्व सम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिये गये:-**

**विषय क्रमांक – 1 शोधकर्ता छात्रों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान करने का अनुमोदन।**

विश्वविद्यालय के अध्यादेश कमांक 11 "Ordinance for Doctor of Philosophy" के पेरा कमांक 22/27 में निहित प्रावधान के अनुसार शोधकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत शोध पर परीक्षकों द्वारा की गई अनुशंसा एवं Viva-Voce के उपरांत सफल शोधकर्ताओं की अधिसूचना जारी करने की अनुमति माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रदान की गई है। माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रदान की गई अनुमति की पुष्टि हेतु प्रस्ताव विद्वत परिषद के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। **शोधकर्ता छात्रों का विवरण निम्नानुसार है:-**

| S. No. | Name of Candidates | Subject | Title of the research work | Name of Guide (s) | Date of Viva-voce | Notification No. & Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Amit Sahay H.No. E-345, Minal Residency J.K. Road, Bhopal | Mechanical Engineering 0101ME10PD 04 | Enhancement of Conversion Efficiency of Thin Film Photovoltaic Cells by Applying Forced Convective Cooling with Under Ground Cooled Air. | Dr. V.K. Sethi, Ex-Director, UIT-RGPV Bhopal. Dr. A.C. Tiwari,Professor, Mech.Engg.Deptt ., UIT-RGPV, Bhopal | Viva conducted on 22.2.2020 | 4011 16.03.2020 |
| 2 | Mr. Kshitij Pathak C/o Shri B.L. Sharma, 63/3 Sudhama Nagar Ramtekri, Near Water Tank Mandsaur (M.P.)-458001 | Computer Science & Engineering 0801CS10PD0 1 | Investigations in Privacy Preservation and Performance Enhancement for Data Mining Process. | Prof. Narendra S. Chaudhary, DoCSE, IIT Indore Dr. Sanjay Silakari, Prof., DoCSE, UIT-RGPV, Bhopal | Viva conducted on 22.2.2020 | 4012 16.3.2020 |
| 3 | Mr. Suresh Kumar Badholiya H.No. 131, EDEN Garden Colony, BDA Road Awadhpuri, Bhopal-462022 | Energy Technology 0101EN10PD 03 | Modeling and Optimization of Ash Agglomeration Phenomenon in Circulating Fluidized Bed Combustion Boiler. | Dr. Anil Kothari, Prof.&HOD (T&P) UITRGPV Bhopal Dr. Sharada Pradhan, NITTTR, Bhopal | Viva conducted on 19th May 2020 | 4039 29.05.2020 |
| 4 | Mrs. Smita Jain D-78 Sarvdharam Colony Kolar Road Bhopal | Applied Physics 0101AP11PD 03 | Exploring and Enhancing the Figure of Merits of Nickle Oxide (NiO) Based Nanostructures for Thermoelectric Applications. | Dr. Purnima Swarup Khare, Prof. & Head of Physics Deptt. UIT-RGPV Bhopal | Viva conducted on 14th May 2020 | 4041 30.05.2020 |
| 5 | Mr. Sukhlal Ahirwar H.No. 29, Shivlok Greens, Khajuri Kalan Bhopal | Mechanical Engineering 0101ME11PD 02 | Effect of Shot Peening Parameters and Heat-Treatment Schedules on Microstructures and Abrasive Wear Behaviour of Medium Carbon Steel | Prof. S.N. Verma, Ex-Prof., Mech. Engg. UIT-RGPV Bhopal. Dr. D.P. Mondal, Principal Scientist, AMPRI, Bhopal | Viva conducted on 18th May 2020 | 4042 30.05.2020 |
| 6 | Mr. Damodar Prasad Tiwari H.No.17, Geet Ganesh Vilash, Ayodhya By Pass Road, Bhopal | Information Technology 0012IT11PD0 5 | Design & Development of Load Balancing Mechanism for Cloud Computing Environment Using Bio-inspired Algorithm. | Dr. Shailendra Singh, Professor, NITTTR, Bhopal. Dr. Sanjeev Sharma, Prof. & Head, SoIT, RGPV Bhopal | Viva conducted on 12th May 2020 | 4043 30.05.2020 |
| 7 | Mrs. Abha Jain | Electronics & | Architecture | Dr. Rakesh | Viva | 1770 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | F-6/25, Char Imli Bhopal | Communication Engineering 0101EC12PD03 | Design of a Flexible LDPC Decoder for High Throughput Applications. | Singhai, Prof, DoEC, UIT-RGPV & Dy.Registrar (Admn.), RGPVBhopal | conducted on 9th June 2020. | 17.06.2020 |
| 8 | Mr. Rajeev Namdeo 304-Abhiman Towar, 98/99 Dhanvantri Nagar, Indore-452012 | Mechanical Engineering 0801ME12PD03 | "Tribological Study Of Maleic Anhydride Grafted Polyethylene Modified Ethylene-Co-Vinyl Acetate / High Density Polyethylene Organomodified Montmorillonite Blended (Eva/Hdpe/Ma-G-Pe/Ommt)Nanocomposites. | Dr. Smita Manepatil, Prof., Mech. Engg., SGSITS, Indore. Dr. Sudhir Tiwari, Asstt. Professor, Mechanical Engg. Department, SGSITS, Indore. | Viva conducted on 21st May 2020 | 4057 19.06.2020 |
| 9 | Mr. Sohail Bux C-18, Elixir Green Colony Near Karond Square, Jail Road Bhopal (M.P.) | Mechanical Engineering 0101ME10PD06 | Design, Development and Performance Evaluation of Exhaust Waste Heat Recovery System for Automotive Air-Conditioning Using Lithium Bromide Water and Aqua Ammonia Vapour Absorption System. | Prof. A.C. Tiwari, Deptt.of Mech.Engg., UIT-RGPV, Bhopal | Viva conducted on 07th July 2020 | 4073 07.7.2020 |
| 10 | Mr. Raj Tiwari Plot 1922, Opposite Survey of India, Near Union Bank of India, ijayNagar Jabalpur-482002 | Electronics & Communication Engineering 0201EC10PD03 | 'Secured User Identification using Iris and Palmprint'. | Dr. Shailaja Shukla, Prof, & Head, DoCSE, JEC Jabalpur | Viva conducted on 26th June 2020 | 4108 16.07.2020 |
| 11 | Mr. Binod Kumar Soni 145 Ahinsa Vihar Colony Ayodhya By Pass Road Bhopal-462041 | Electronics & Communication Engineering 0101EC11PD03 | Design & Simulation of Multiband Hybrid Fractal like Antenna for Wireless Communication. | Dr. Rakesh Singhai, Professor, DoEC, UIT-RGPV Bhopal | Viva conducted on 20th July 2020 | 4123 17.09.2020 |
| 12 | Ms. Rashmi Yadav Block B Flat No. 102, Riddhi Siddhi Appartment Telephone Nagar, Indore (M.P.) | Computer Science & Engineering 0101CS08PD68 | Evaluatory Study of the Designs of a Generic Reengineering Case Tool. | Dr. Abhay Kothari, Prof. DoCSE, Acropolis Inst. of Tech. Indore, Dr.Ravindra Patel, Prof., DoCA, UIT-RGPV Bhopal | Viva conducted on 18th May 2020 | 4175 18.9.2020 |
| 13 | Ms. Baishali Naik A-31, MIG Colony, | Electronics & Instrumentatio | Determination of IMT in Ultrasound | Dr. R.S. Gamad, Assoc. DoEI, | Viva conducted | 4174 18.09.2020 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Indore-452008 (M.P.) | n Engineering | Images of Carotid Artery using Adaptive Algorithms. | Prof. SGSITS Indore Dr. P.P. Bansod, Assoc. Prof., DoEI, SGSITS Indore | on 13th July 2020 | |
| 14 | Mr. Sunil Shrivastava C/o Shri S.N. Khare, HIG-2, Rishi Nagar Near CBI Office Char Imli Bhopal | Civil Engineering 0012CE11PD02 | "Training Needs Analysis & Development of Models for Construction Projects" | Dr. K.K. Pathak, Prof.DoCE, NITTTR Bhopal, Presently Professor IIT-BHU, Varana | Viva conducted on 11th Sept. 2020 | 4266 05.10.2020 |
| 15 | Mr. Jitendra Kumar C/o Shri Suresh Chandra Sharma, New Tulsi Vihar Colony, Sewa Nagar, Gwalior (M.P.) | Applied Mathematics 0901AM10PD02 | Performance Analysis of Some Queueing Models. | Dr. Vikas Shinde, Professor, Deptt. of Applied Mathematics, MITS Gwalior. | Viva conducted on 05th Oct. 2020 | 4414 18.11.2020 |
| 16 | Mr. Sandeep Kumar Singh Rathore H.No. 22, Shanti Nagar, Etah (U.P.) - 207001 | Computer Application | A Novel Approach for Speech Recognition Using Machine Learning | Dr. Rakesh Singh Jadon, Prof.& HoD, MCA Deptt., MITS Gwalior | Viva conducted on 06th Nov. 2020 | 4434 01.12.2020 |
| 17 | Mr. Saurabh Gupta G-2 Plot No. 337 Chanakya Trilochan Appartment Trilanga Bhopal - 462039 | Electrical Engineering 0101EE11PD06 | Power Quality Improvement of DFIG based Wind Energy Conversion System | Dr. S.C. Choube, Prof., Electrical & Elex, UIT-RGPV Bhopal. Dr. Sushma Gupta, Prof., DoEE, MANIT, Bhopal | Viva conducted on 11th Nov. 2020 | 4436 01.12.2020 |
| 18 | Mr. Amit Melani 20-B, Prem Nagar, Manik Bagh Road, Indore-452007 | Civil Engineering 0801CE10PD14 | Earthquake Risk Analysis of Reinforced Concrete Frame Structures. | Dr. Rakesh Khare, Professor, CE AMD., SGSITS Indore | Viva conducted on 19th Nov. 2020 | 4431 26.11.2020 |

**निर्णयः–** प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।

**विषय क्रमांक – 2** **विश्वविद्यालय परिसर में CISCO Networking Academy programs संचालित करने के संबंध में ।**

Cisco Networking Academy is a global workforce development program for learning institutions and individuals worldwide. More than 10.9 million people have joined the Networking Academy and become a force for change in the global economy since 1997. Cisco Networking Academy provides access to industry-relevant curriculum and content in areas of Networking, Cyber Security, Programming, IoT, Programmable Infrastructure, Linux and General IT to institutions. Benefits to become CISCO Networking Academy are as follows:

- Free access to all the CISCO programs to the students.
- Students scoring more than 75% on Netacad in CCNA program are entitled to get 61% discount on CCNA voucher.
- Opportunity for students to be a part of events like Idea-Thon and Learn-A-Thon where students represent their institution on national level.

- Students can earn opportunity to get 6 months internship with CISCO than can be converted into full time job at CISCO
- Structured online program with standard delivery.
- Unique Training Programs for the trainer of Academies by ASC Team.
- Career oriented programs are also available.
- Technical support provides by ASC Team for implementation of the program.

Association with CISCO as a Networking Academy after onboarding of Institution as CISCO Networking Academy, students will get access to many courses such as : Mobility Fundamentals , Introduction to Cyber Security,Cyber Security Essentials , Introduction to IOT , NDG Linux Unhatched , NDG Linux Essentials ,NDG Linux I , NDG Linux II , CLA: Programming Essentials in C ,CPA: Programming Essentials in C++ , CPP: Advance Programming in C++ ,CLP: Advance Programming in C , PCAP: Programming Essentials in Python , Entrepreneurship , Intro to Packet Tracer , Intro to Packet Tracer Mobile.

NIIT FOUNDATION is an authorized ASC (Academy Support Center) of CISCO NetAcad. NIIT Foundation is a registered Society under the Society Registration Act, 1860 dedicated to education, skill development and digital literacy of urban slum and rural youth for over 15 years now.

This proposal outlines all crucial aspects that will ensure that underserved youth of the society undergo quality employability training and are able to find jobs in the organized sector. Thus, this partnership between RGPV University and CISCO Networking Academy aims at reducing the skills gap in the country, thereby addressing the larger concern of under and unemployment faced by the country. Here NIIT Foundation works as an Academy Support Centre and guide RGPV University for successfully implementing CISCO Networking Academy programs in our campus.

उपरोक्त प्रस्ताव विद्ववत परिषद के सम्माननीय सदस्यो के विचारार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**विषय क्रमांक – 3 Turn-it-in Plagiarism software को पुनः क्रियाशील करवाये जाने बाबत्।**

वर्ष 2017 से पी.एच.डी. शोध कार्य Turn-it-in software के द्वारा Plagiarism का परीक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में यह software भुगतान ना होने के कारण सेवा में नहीं है।

यू.जी.सी. द्वारा orkund Plagiarism software को शोध कार्य के लिये मान्य किया है। प्रायः देखा गया है कि orkund software का Plagiarism, Turn-it-in software की तुलना में 1/4 th ही Plagiarism दर्शाता है।

ज्ञातव्य है कि वर्ष 2017 से लगातार पी.एच.डी. थीसिस Turn-it-in से परीक्षण उपरांत मूल्यांकन के लिये भेजी जा रही है। जिसमें से सभी थीसिस उत्तीर्ण होकर प्राप्त हुई है।

अतः प्रस्ताव है कि पूर्व की भांति एम.टेक थीसिस के लिये orkund software व पी.एच.डी. शोध जैसे महत्वपूर्ण कार्यो के लिये Turn-it-in software से ही Plagiarism परीक्षण किया जाना उचित होगा।

प्रस्ताव विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार विमर्श उपरांत उल्लेखित दोनों प्लेगरिजम सॉफ्टवेयरों का तुलनात्मक अध्ययन करने हेतु एक समिति का गठन किया गया जिसमेंप्रो.संजीव शर्मा अध्यक्ष, प्रो.राजेश भार्गव, संयोजक, प्रो.निश्चल मिश्रा सदस्य होगें यह समिति एक माह के अंदर दोनो सॉफ्टवेयर का तुलनात्मक अध्ययन कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।**

**विषय क्रमांक – 4 एसआईटी, शिवपुरी में CRISP के सहयोग से Centre of Excellence की स्थापना करने बाबत्।**

विश्वविद्यालय एवं CRISP Bhopal के सहयोग से एक उत्कृष्टता केन्द्र Centre of Excellence की स्थापना की जाना हैं जो कि पावर इंजीनियरिंग एवं कटिंग एवं बेल्डिंग विषय पर संचालित होगा। Centre of Excellence की स्थापना का मुख्य उददेश्य औधोगिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों के बीच पारस्पिरिक संबंध स्थापति करना है, जिससे छात्रों एवं शिक्षकों के कौशल विकास क्षमता में वृद्धि हो सकें। छात्रों एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण एवं शोध कार्यो में सहायक होगा। Centre of Excellence को एक विशेष खंड में नवाचार और सुधार लाने के लिये डिजाइन ओर स्थापित किया जाएगा। जिसका लाभ संबंधित क्षेत्र के शिक्षकों एवं छात्रों के कौशल में वृद्धि करना होगा । Centre of Excellence की स्थापना पर अनुमानित व्यय 16 से 18 करोड रूपये की लागत आएगी। प्रस्ताव विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत। उपकरणों की सूची परिशिष्ट– 1 पर संलग्न हैं।

**निर्णयः– विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा विचारोपरांत प्रस्ताव पर सैंद्धातिक सहमति प्रदान करते हुए आगामी वित्तीय सत्र में बजट का आवंटन किये जाने की अनुशंसा की। साथ ही यूआईटी आरजीपीवी भोपाल की कर्मशाला को क्रिस्प के साथ एमओयू करके उन्नत करने के उपरांत व्यवसायिक गतिविधियों जैसे** CNC, 3-DPrinting ,Cutting and Welding **केन्द्र के रूप में विकसित करने की अनुशंसा की गई।**

**साथ ही आरजीपीवी में** Hybrid/E-Vehicle,/ Centre of Excellence **की स्थापना की जावेगी, जिसमें** E-Vehicle, Automobile Engg. Electrical Engg., Mechanical Eng. **के छात्र पात्र होगें। आरजीपीवी में** Artificial Intelligence (Industry 4.0 **सभी प्रासंगिक क्षेत्रों में) का** Centre of Excellence **की भी स्थापना की जावेगी जिसमें सभी ब्रांचो के छात्र पात्र होंगें।**

**सभी 5 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय एवं 3 शासन के वित्तीय सहायता प्राप्त संस्थानों मे 2 करोड तक की लागत के रिसर्च लैब खोले जाने की अनुशंसा की गई,जिसमें 50 प्रतिशत आरजीपीवी एवं 50 प्रतिशत संबंधित संस्था (मेचिंग ग्रांट) के रूप में देय होगा एवं रेवेन्यू का बंटवारा भी 25–75 प्रतिशत के अनुसार रहेगा। पेटेन्ट होने की दशा में आरजीपीवी भी सहभागी रहेगा, यह रिसर्च लैब** Education/Training/ Research Lab **के रूप में उपयोग किया जावेगा।**

**विषय क्रमांक – 5 IOT, IOT and Sensor system, Artificial Intelligence and Machine Learning, Artificial Intelligence and Data Science के स्कीम एवं सिलेबस के अनुमोदन बाबात्।**

विश्वविद्यालय से संबद्व संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2020–21 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का अनुमोदन प्राप्त हुआ है। इस हेतु IOT, IOT and Sensor system Artificial Intelligence and Machine Learning, Artificial Intelligence and Data Science, Construction Technology का स्कीम एवं सिलेबस तैयार किये जाने हेतु बैठक का ऑनलाई आयोजित की गई। अध्ययन मंडल द्वारा अनुशंसित स्कीम एवं सिलेबस विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक – 6 MBA पाठ्यक्रम के स्कीम एवं सिलेबस के अनुमोदन बाबत्।**

विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2020–21 से **MBA** पाठ्यक्रम को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के आधार पर संबद्धता प्रदान की गई है। छात्रों के अध्ययन हेतु **MBA** पाठ्यक्रम का स्कीम एवं सिलेबस विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**विषय क्रमांक – 7 राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित UTD's पाठ्यक्रम हेतु एकेडमिक कैलेंडर अनुमोदन किये जाने बावत्।**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट ( **UTD's** ) में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं के सत्र 2020–21 का एकेडमिक कैलेंडर बनाया गया है। अतः यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट ( **UTD's** ) छात्र/छात्राओं के सत्र 2020–21 का एकेडमिक कैलेंडर जारी किये जाने हेतु प्रस्तावित है।

समस्त UTD's के शैक्षणिक सत्र 2020–21 का एकेडमिक कैलेंडर अनुमोदन किये जाने के लिये सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्तावित है।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सम्माननीय सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**विषय क्रमांक – 8 जैव प्रौद्योगिकी विभाग में अध्ययनरत् पीएचडी छात्र की थिसिस अनुमोदन किये जाने बावत्।**

जैव प्रौद्योगिकी विभाग में अध्ययनरत् पीएचडी **छात्र श्री अमिताभ चतुर्वेदी (0004NT078PD09)** की पीएचडी थिसिस अनुमोदन किये जाने हेतु प्रस्तावित है।

छात्र कि पीएचडी थिसिस अनुमोदन हेतु सम्मिलित किये जाने हेतु प्रस्तावित।

**निर्णयः– अध्यक्ष महोदय द्वारा विलोपति किया गया ।**

**विषय क्रमांक – 9 विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूआईट भोपाल,झाबुआ,शहडोल,शिवपुरी एवं यूनिर्वसिटी पॉलीटेक्निक भोपाल में रिक्त संचालक/प्राचार्य पदों की पूर्ति हेतु पुनः विज्ञापन जारी किये जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूआईटी भोपाल,झाबुआ,शहडोल,शिवपुरी एवं यूनिर्वसिटी पॉलीटेक्निक भोपाल में रिक्त संचालक/प्राचार्य पदों की पूर्ति हेतु पुनः अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदंडों अनुसार विज्ञापन जारी किया जाना है। पूर्व में जारी उक्त पदों हेतु विज्ञापन के परिपेक्ष्य में झाबुआ एवं शहडोल हेतु प्राप्त आवेदनों का छानबीन समिति द्वारा किये परीक्षण में आवेदक पात्र नही पाये गए एवं शेष महाविद्यालयों के आवेदनों में कतिपय कमियां पाई गई। वर्तमान विज्ञापन में पदों हेतु अर्हताएं अनुभव इत्यादि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के मापदंडों के अनुरूप होगी साथ ही पूर्व में जारी पदों हेतु विज्ञापन में जिन आवेदकों द्वारा आवेदन किये गये है, उन्हें पुनः नवीन आवेदन प्रस्तुत करना होगा। इसके लिए ऐसे आवेदकों से आवेदन शुल्क नही लिया जावेगा। अतः प्रस्ताव विद्वत परिषद के सम्माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा सातवें वेतनमान में उल्लेखित सेवा शर्तो के आधार पर ही विज्ञापन जारी करने की अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक – 10 एटीपीआई के अनुरोध अनुसार शैक्षणिक सत्र 2020–2021 के संबद्धता आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि के संबंध में।**

विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त करने हेतु शैक्षणिक सत्र 2020–2021 के संबद्धता आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2020 निर्धारित है तत्संबंध में एसोसिएसन ऑफ टेक्निकल

प्रोफेशनल इन्स्टीट्यूटस मध्यप्रदेश, भोपाल का निवेदन है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से EOA (Extention of Approval) जारी होने की तिथि 31 मई 2021 या EOA (Extention of Approval) जारी होने के उपरान्त ही संबद्धता हेतु आवेदन पत्र मंगाये जाने हेतु अंतिम तिथि निर्धारित की जावे। विश्वविद्यालय के जबकि परिनियम क्रमांक 29 की कंडिका 5(3) में आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर प्रतिवर्ष निर्धारित है। इसके साथ ही एसोसिएसन ऑफ टेक्निकल प्रोफेशनल इन्स्टीट्यूटस मध्यप्रदेश, भोपाल के सदस्यों द्वारा माननीय कुलपति महोदय जी से मुलाकात कर छात्र–छात्राओं की भौतिक रूप से कक्षाऐं 1 जनवरी, 2021 से लगवाये जाने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव विद्वत परिषद के सम्माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः–** **विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा विचारोपरांत 31 मई 2020 तक संबंद्धता हेतु आवेदन पत्र मंगाए जाने की अंतिम तिथि निर्धारित की जाने की अनुशंसा की गई। 31 मई 2020 के उपरांत परिनियम में उल्लेखित प्रावधान अनुसार विलंब शुल्क की शर्त यथावत रहेगी। इसके साथ ही कक्षाएं प्रारंभ करने के संबध में भौतिक उपस्थिति के साथ प्रथम वर्ष के छात्रों की कक्षाएं 1 जनवरी 2021 से प्रारंभ होगी जिसमें 33 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति एवं राजीव गॉधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा जारी एसओपी अनुसार कक्षाएं ही संचालित किये जाने की अनुशंसा की गई।**

**छात्रों एवं महाविद्यालय प्रशासन की सहमति से रोस्टर प्रणाली अपनाते हुए कक्षाएं संचालित की जा सकेगी। 31 जनवरी 2020 के बाद पुनः इस संबंध में समीक्षा की जावेगी। अन्य समस्त सेमेस्टर की कक्षाएं परीक्षा उपरांत इन्ही निर्देशों के साथ संचालित की जाने की अनुशंसा की जाती है। छात्रों की सहमति के आधार पर छोटे–छोटे समूहों में छात्रों को प्रायोगिक कार्यो के लिए भी अनुमति दी जाने की अनुशंसा की जाती हैं।**

**विषय क्रमांक – 11** **विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूआईटी में नवीन MSc (Applied Chemistry) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में।**

Justification for restarting the MSc course in Basic Sciences (AppliedChemistry)

1. Basic Science is a pillar of Modern Science. Its fundamental knowledge leads to development and advancement in technology. So we feel that a Technical university should have PG courses in Basic Sciences.
2. Demand for MSc chem professionals is increasing day by dayin recent R & Ds, in Fields of Chemistry and Biology and interdisciplinary courses focusing on Drug discovery, Nanotechnology etc.
3. In industries also it finds huge impacts.
4. Successful Running of PhD programs as per new ordinance 11, applicable from 2019

<u>For your information, the Course was already approved in EC meeting dated 28th June, 2005 for the session 2005-2006 as per ORDINANCE no. 9 of BASIC SCIENCES.</u>

So as per approvals and recommendations we used to run the course from 2005-2009previously. But due to lack of space and infrastructure the course curriculam was discontinued.

<u>But currently due to increase of allocated space and infrastructure to applied chemistry department, we would like to start the course.</u>
<u>Due to significant developmentin the department, we are confident enough to start the course if we get some assistance from the university</u>

You kind permission and approval in this regard is requested
For your persual we have enclosed the following documents:

a) Syllabus latest as adviced by Honorable VC sir
b) Course Structure with its preamble
c) Intake

d) Fee structure
e) Laboratory Facilities as required (1 lab)
f) Faculties (3)

**इसके साथ ही विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूआईटी में नवीन MSc (Phsics/maths) पाठ्यक्रम प्रारंभ करने के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत है।**

उपरोक्त प्रस्ताव विद्वत परिषद के सम्माननीय सदस्यो के विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा विचारोपरांत विश्वविद्यालय की घटक संस्था यू.आई.टी में** MS.C- Physics/ Applied Chemistry **के पाठ्यकम प्रारंभ हेतु निर्देश दिये गये।इन पाठ्यकमों हेतु नवीन पद स्वीकृत नही किये जावें। साथ ही** Expert /Visiting/Exiting faculty **से ही कक्षाएं संचालित की जावें एवं लैब इत्यादि के लिए वित्तीय आवंटन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर अगले वित्तीय वर्ष में बजट किये जाने की अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक – 12** **शैक्षणिक सत्र 2020–21 का विलंब शुल्क माफ करने के संबंध में।**
**नागाजी इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस, ग्वालियर (925)**
**नागाजी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी एण्ड मैनेजमेंट, ग्वालियर (0917)**

विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों यथा नागाजी इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस, ग्वालियर (0925) एवं नागाजी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी एण्ड मैनेजमेंट, ग्वालियर (0917) द्वारा कोविड 19 संक्रमण के कारण लाकडाउन कि स्थिति में महाविद्यालय बंद होने की दशा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि 15 जुलाई 2020 तक वार्षिक संबद्धता का आवेदन पत्र मय संबद्धता शुल्क एवं निरीक्षण शुल्क सहित ऑनलाईन जमा नही किया जा सका हैं। तथा

प्रकरण में उपरोक्त संस्थानों यथा नागाजी इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंस, ग्वालियर (0925) द्वारा दिनांक 24/08/2020 को रू. 1,47, 500 संबद्धता शुल्क एवं निरीक्षण शुल्क के मद में मय जीएसटी के राशि सहित जमा किये तथा विलंब शुल्क की राशि 354000/– शेष है। एवं नागाजी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नालाजी एण्ड मैनेजमेंट, ग्वालियर (0917) द्वारा दिनांक 24/08/2020 को रू. 5,60, 500/– संबद्धता शुल्क एवं निरीक्षण शुल्क के मद में मय जीएसटी के राशि सहित जमा किये तथा विलंब शुल्क की राशि 10,03,000 /– शेष है।

विश्वविद्यालय के परिनियम क्रमांक 29 की कंडिका 5(3) में संबद्धता आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि प्रतिवर्ष 31 दिसम्बर निर्धारित है। विश्वविद्यालय द्वारा कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत एवं महाविद्यालयों के निवेदन पर संबद्धता आवेदन पत्र मय संबद्धता शुल्क एवं निरीक्षण शुल्क के साथ निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन जमा करने हेतु प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में 31 मई 2020 तक वृद्धि की गई थी। । इसके उपरान्त कोविड–19 संक्रमण के दृष्टिगत एवं महाविद्यालयों के पुनः निवेदन पर उनकी सुविधा हेतु संबद्धता का आवेदन पत्र मय संबद्धता शुल्क एवं निरीक्षण शुल्क जमा करने की तिथि 31 मई 2020 से बढाकर दिनांक 15 जुलाई 2020 निर्धारित की गई।

प्रकरण में प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालय यथा Madhya Pradesh Medical Science University, Jabalpur का संदर्भ लिया गया है जिसमें Madhya Pradesh Medical Science University, Jabalpur द्वारा 25 प्रतिशत लेट फीस ली गई है (सुलभ संदर्भ हेतु नोटीफिकेशन की छायाप्रति संलग्न है।)

अतः प्रकरण प्रस्ताव विद्ववत परिषद् के सम्माननीय सदस्यों के समक्ष विचारार्थ एवु निर्णयार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः–** **विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा प्रकरण पर विचार विमर्श उपरांत प्रस्ताव में उल्लेखित संस्थाओं से 10 प्रतिशत विलंब शुल्क लिये जाने की अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक – 13** **बंद होने वाली संस्थाओं एवं पाठ्यकमों को बंद करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु शुल्क निर्धारण बावत् ।**

प्रतिवर्ष विश्वविद्यालय से संबंद्ध संस्थाओं एवं संस्थाओं में संचालित किये जा रहे पाठयक्रम को बंद करने, हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र चाहा जाता हैं। विश्वविद्यालय के अध्यादेश कमांक 21 में वर्तमान में उपरोक्त के संबंध में शुल्क निर्धारित नही हैं। अतः विद्ववत परिषद के सम्माननीय सदस्यो के समक्ष शुल्क निर्धारण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत हैं।

**निर्णयः–** **विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा प्रकरण में अनुशंसा की गई एआईसीटीई नईदिल्ली के अुनसार ही पाठ्यकमों/संस्थाओं को बंद करने हेतु राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा भी पाठ्यकमों/संस्थाओं को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के संबध मे प्रति ब्रांच अध्यादेश 21 में उल्लेखित पाठयकम प्रांरभ करने के समान ही पाठ्यकम/संस्था बंद की शुल्क रहेगी।**

**विषय क्रमांक – 14 कोविड–19 के कारण मई–जून 2020 की परीक्षा के परीक्षा परिणाम एवं उसके कारण आगामी शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रवेश के संबंध में।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की दिनांक 19/10/2020 को संपन्न हुई बैठक के विषय क्रमांक–04 में लिये गये निर्णय के अनुसार मई–जून 2020 की परीक्षा निम्न तालिका में दिए गए मापदंड अनुसार संपन्न की गई।

| S.No. | Course | Semester | Calculation of End Semester Marks |
|---|---|---|---|
| 01. | B.E. / B.Pharmacy | 8th Regular / RR | (Theory Paper)<br>50% SGPA of previous last semester exam, appeared as Regular / RR<br>+ 50% of marks secured in online exams |
| | | 8th Ex | (Theory Paper)<br>50% SGPA of last attempt of 8th semester exam.<br>+ 50% of marks secured in online exams |
| 02. | All Courses (UG/PG) | Regular Students (except 8th Sem) | (Theory Paper and Practical Paper)<br>50% SGPA of previous semester.<br>+ 50% of Internal assessment of current semester. |
| | | BAG students not appeared in their first and third (LT) semester | (Theory Paper and Practical Paper)<br>100% of Internal assessment. |
| | | Ex (except 8th Sem) | (Theory Paper and Practical Paper)<br>50% SGPA of last attempt of concerned semester.<br>+ 50% of marks secured in offline exam. |
| 03. | PG Courses | Final Semester | Actual as per viva-voce examination conducted online / offline. |

उपरोक्त परीक्षा में कतिपय छात्र पूर्व सेमेस्टर के SGPA कम होने के कारण अनुत्तीर्ण हो गये, जिसके कारण इनमें से कुछ छात्रों को आगामी सत्र में प्रवेश की पात्रता प्राप्त नहीं हो सकी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अप्रेल–2020 में कोविड–19 के कारण परीक्षा संबंधी जारी किये गये दिशा–निर्देशों में उल्लेख है कि कोविड–19 के दृष्टिगत जो छात्र नये सत्र में प्रवेश हेतु पात्रता नहीं प्राप्त कर पाए हैं, उन्हें नये सत्र में प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की जावे एवं ऐसे विषय जिनमें अनुत्तीर्ण होने के कारण उन्हें प्रवेश की पात्रता हासिल नहीं हो पाई है,में परीक्षा देने का एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जावे।

यूजीसी की उपरोक्त दिशा–निर्देशों में यह भी उल्लेख है कि कोविड–19 के कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु बनाये गये विशेष प्रावधानों के अनुसार घोषित परीक्षा परिणाम से यदि छात्र संतुष्ट नहीं है तो उसे परीक्षा परिणाम को सुधारने हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जावे।

उपरोक्तके परिप्रेक्ष्य में, यह प्रस्तावित है कि जो छात्र उपरोक्त तालिका में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार घोषित परीक्षा परिणाम के कारण,सत्र 2020–21 के विषम(Odd) सेमेस्टरों में नियमित प्रवेश हेतु पात्रता प्राप्त नहीं कर पाये हैं, तो उन्हें नये सत्र में प्राविधिक रूप से प्रवेश देते हुए, आगामी जनवरी–2021 माह में आयोजित की जाने वाली परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषयों के साथ–साथ नये नियमित सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जावे।

यदि इन परीक्षाओं में छात्र अध्यादेश के अनुसार सत्र 2020–21 में विषम (Odd) सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता प्राप्त कर लेता है तो उसका नये विषम (Odd) सेमेस्टर में प्रवेश स्वतः

ही नियमित माना जावेगा, अन्यथा नये सेमेस्टर में उसके प्राविधिक प्रवेश को निरस्त माना जावेगा एवं उसके ऐसे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि कोई छात्र, यूजीसी की उपरोक्त दिशा निर्देशों के अनुसार, घोषित परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं है, तो वह ऐसे परीक्षा परिणाम को सुधारने हेतु जनवरी–2021 माह में आयोजित की जाने वाली परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। यदि छात्र इस अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होता है, तो इस अतिरिक्त परीक्षा का परिणाम ही अंतिम माना जावेगा। छात्र का यह निवेदन कि उसके पूर्व परीक्षा परिणाम को (मई–जून–2020)मान्य किया जावे, मानने योग्य नहीं होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी छात्र के पूर्व सेमेस्टर में कम SGPA होने के कारण वह मई–जून–2020 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया है एवं आगामी परीक्षा जनवरी–2021 में भी पूर्व सेमेस्टर में कम SGPA होने के कारण, उत्तीर्ण होने की संभावना कम है तो ऐसे छात्र जनवरी–2021 की परीक्षा अपने परीक्षा केन्द्र में जाकर दे सकते हैं। ऐसे छात्रों के परीक्षा परिणाम में पूर्व सेमेस्टर के नियमों को शामिल नहीं करते हुए पूर्ण रूप से इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही घोषित किया जावेगा।

विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः–प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**विषय क्रमांक – 15 मई–जून 2020 की परीक्षा में ग्रेड इम्प्रूवमेंट के विषयों का परीक्षा परिणाम निर्धारित करने बावत्।**

मई–जून 2020 की ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा में ग्रेड इम्प्रूवमेंट के विषयों का परीक्षा परिणाम निर्धारित करने के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया था। अतः ऐसे छात्र जिनका CGPA 5.0 से कम होने के कारण उच्च सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके उनके ग्रेड इम्प्रूवमेंट के विषयों के लिए 100 प्रतिशत ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा के प्राप्तांकों को आधार मानते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किया जाये।

विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होने पर 100 प्रतिशत महत्व (Weightage) देते हुए प्राप्त अंको को आधार मानते हुए परीक्षा परिणाम घोषित करने की अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक –16 सत्र दिसम्बर–2020 की परीक्षाओं के संबंध में आयोजित बैठक दिनांक 02/12/2020 के कार्यवाही के अनुमोदन बाबत्**

माननीय कुलपति महोदय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की सत्र दिसम्बर–2020 की परीक्षाओं के संबंध में बैठक दिनांक 02/12/2020 अपरान्ह 12:30 बजे परीक्षा विभाग (कम्प्यूटर सेक्शन) में आयोजित की गई। इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये :–

1. डॉ0 जितेन्द्र अग्रवाल, ओ.एस.डी., (परीक्षा), आरजीपीवी, भोपाल।
2. डॉ0 डी.एस. राजपूत, सहा. कुलसचिव (परीक्षा), आरजीपीवी, भोपाल।
3. श्री राजेश वर्मा, परीक्षा विभाग, आरजीपीवी, भोपाल।
4. श्री अनुराग वर्मा, परीक्षा विभाग, आरजीपीवी, भोपाल।
5. डॉ0 ए.के. सिंह, नियंत्रक (परीक्षा), आरजीपीवी, भोपाल।

इस बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

1. आगामी परीक्षा दिसंबर–2020 में प्रायोगिक परीक्षायें ऑनलाइन के माध्यम से महाविद्यालय स्तर पर ही आयोजित की जावेगी।
2. यू.जी. पाठ्यक्रम के VII / VIII सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षा ऑनलाइन के माध्यम से Objective Type (MCQ)पर आधारित होगी।

3. यू.जी. पाठ्यक्रम के शेष सेमेस्टर्स की परीक्षायें ऑफलाइन मोड में ओपन बुक आधारित होगी।
4. Non Grading/Grading System/CBCSप्रणाली को विद्वत परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार समाप्त करते हुये आगामी दिसंबर–2020 परीक्षा में CBGSप्रणाली के समतुल्य/समकक्ष प्रश्न–पत्रों में सम्मिलित होंगे।
5. ऑफलाइन ओपन बुक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका को छात्र/छात्रायें ऑनलाइन के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित लिंक पर अपलोड कर सकेंगे।
6. रिजल्ट प्रोसेसिंग की पॉलिसी पूर्ववत लागू रहेगी, साथ ही उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी छात्र के पूर्व सेमेस्टर में कम SGPA होने के कारण वह मई–जून–2020 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया है एवं आगामी परीक्षा जनवरी–2021 में भी पूर्व सेमेस्टर में कम SGPA होने के कारण, उत्तीर्ण होने की संभावना कम है तो ऐसे छात्र जनवरी–2021 की परीक्षा अपने परीक्षा केन्द्र में जाकर दे सकते हैं। ऐसे छात्रों के परीक्षा परिणाम में पूर्व सेमेस्टर के नियमों को शामिल नहीं करते हुए पूर्ण रूप से इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही घोषित किया जावेगा।

विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष उपरोक्त लिये गये निर्णय अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

निर्णयः– **परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित होने पर 100 प्रतिशत महत्व देते हुए प्राप्त अंको को आधार मानते हुए परीक्षा परिणाम घोषित करने की अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक –17** **विश्वविद्यालय की घटकसंस्था यू.आई.टी. आर.जी.पी.व्ही.भोपाल में एम. एस.सी. एप्लाईड एंड कम्प्यूटेश्सनल मैथमैटिक्स में स्नातकोत्तर पाठयकम प्रारभ करने बाबत ।**

आर.जी.पी.व्ही. की कार्यपरिषद की 45वी बैठक जो कि दिनॉक 17/05/2010 सोमवार को आयोजित की गयी थी उसमें यू.आई.टी.आर.जी.पी.व्ही. के गणित विभाग में एम. एस.सी. एप्लाईड मैथमैटिक्स स्नाकोत्तर पाठयकम प्रारंभ करने का अनुमोदन प्रदान किया गया था।

इसके उपरांत सत्र 2010–11 से विभाग द्वारा उपरोक्त पाठयकम प्रारंभ कर दिया गया था परंतु बीच के कुछ वर्षो में छात्रो की संख्या नगण्य होने के कारण उक्त पाठयकम बंद कर दिया गया था ।

माननीय कुलपति महोदय जी से चर्चा उपरांत उक्त पाठयकम नये स्वरूप में प्रारंभ करने हेतु विद्वत परिषद की बैठक में माननीय सदस्यो के सम्मुख चर्चा एवं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत है।

निर्णयः– **विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा विचारोपरांत विश्वविद्यालय की घटक संस्था यू.आई.टी में** MS.C- Applied & Computational Mathematics **पाठ्यकम प्रारंभ हेतु निर्देश दिये गये।इन पाठ्यकमों हेतु नवीन पद स्वीकृत नही किये जावें। साथ ही** Expert /Visiting/Exiting faculty **से ही कक्षाएं संचालित की जावें एवं लैब इत्यादि के लिए वित्तीय आवंटन हेतु प्रस्ताव प्राप्त होने पर अगले वित्तीय वर्ष में बजट किये जाने की अनुशंसा की गई।**

**विषय क्रमांक –18** **छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम ऑनलाइन परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों में ऑफलाइन ओपन बुक परीक्षा में प्रस्तुत उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किये जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा जून–2020 ऑनलाइन परीक्षा के दौरान तकनीकी/नेटवर्क त्रुटि के कारण कुछ छात्रों के परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित अथवा अनुत्तीर्ण प्रदर्शित हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा जून–2020 की शेष सेमेस्टर की परीक्षा ओपन बुक प्रणाली के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसके परीक्षा परिणाम भी घोषित किये जा चुके हैं। ऑनलाइन परीक्षा में सम्मिलित कुछ छात्र/छात्राओं जिनके परीक्षा परिणाम में अनुपस्थित अथवा अनुत्तीर्ण थे, उनके द्वारा भी ऑफलाइन ओपन बुक परीक्षा में सम्मिलित होकर उत्तर पुस्तिका विश्वविद्यालय को प्रेषित की गई है।

उक्त छात्र/छात्राओं के परीक्षा परिणाम ऑनलाइन परीक्षा के स्थान पर अनुत्तीर्ण विषयों में ऑफलाइन ओपन बुक परीक्षा में प्रस्तुत उत्तर पुस्तिका के मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जाना प्रस्तावित है।

विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**विषय क्रमांक –19 आंतरिक अंकों की प्रविष्टी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पुनः खोला जाने एवं अनुपस्थित छात्रों की त्रुटि में संशोधन विषयक अंको को हार्ड कॉपी/ऑनलाइन में प्राप्त कर परीक्षा परिणाम में सम्मिलित करते हुए, परीक्षा परिणाम की कार्यवाही किए जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा जून–2020 ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के प्रायोगिक एवं आंतरिक अंकों (प्रायोगिक/मिड सेम/थ्योरी क्विज/प्रेक्टिकल सेशनल/प्रेक्टिकल क्विज) की प्रविष्टी महाविद्यालयों के माध्यम से कराई गई थी। ऑनलाइन प्रविष्टी में महाविद्यालयों द्वारा त्रुटिवश कई छात्र/छात्राओं के आंतरिक अंक छोड़ दिए गए अथवा अनुपस्थित कर दिए गए, ऐसी स्थिति में छात्रों के परीक्षा परिणाम आंतरिक अंकों की प्रविष्टी नहीं होने के कारण परीक्षा परिणाम रूके हुए हैं अथवा अनुपस्थित प्रदर्शित हो रहे हैं।

उपरोक्त स्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऐसे छात्र/छात्राओं जिनके आंतरिक अंकों की प्रविष्टी पोर्टल पर नहीं हो पाई है उनको पुनः प्रविष्टी हेतु ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पुनः खोला जाना एवं अनुपस्थित छात्रों की त्रुटि में संशोधन संशोधन विषयक अंको को हार्ड कॉपी/ऑनलाइन में प्राप्त कर परीक्षा परिणाम में सम्मिलित करते हुए, परीक्षा परिणाम की कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है।

विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**पूरक विषय क्रमांक –1 कोविड–19 के कारण मई–जून 2020 की परीक्षा के परीक्षा परिणाम एवं उसके कारण आगामी शैक्षणिक सत्र 2020–21 में प्रवेश के संबंध में।**

विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की दिनांक 19/10/2020 को संपन्न हुई बैठक के विषय क्रमांक–04 में लिये गये निर्णय के अनुसार मई–जून 2020 की परीक्षा निम्न तालिका में दिए गए मापदंड अनुसार संपन्न की गई।

| Courses | सेमेस्टर/वर्ष | Calculation of end Semester Marks |
|---|---|---|
| D.Pharm | प्रथम वर्ष | 100% आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर |
| D.Pharm | द्वितीय वर्ष | प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम के 50%, ONLINE परीक्षा परीणाम के 50% अंक |
| Diploma | द्वितीय सेमेस्टर | प्रथम सेमेस्टर का 50% SGPA, द्वितीय सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन के 50% अंक |
| Diploma | चतुर्थ | तृतीय सेमेस्टर का 50% SGPA, चतुर्थ सेमेस्टर के आंतरिक |

| | | |
|---|---|---|
| | सेमेस्टर | मूल्यांकन के 50% अंक |
| Diploma | अंतिम सेमेस्टर | पंचम सेमेस्टर का 50% SGPA + 50% ONLINE परीक्षा परिणाम |
| Diploma | ठ.। ळतववच | 50% आंतरिक मूल्याकंन, पूर्व नियमित परीक्षा परिणाम का 50% SGPA |
| Diploma Lateral Entry | प्रथम सेमेस्टर | 100% आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर |
| 4Year Diploma/ PTDC | द्वितीय सेमेस्टर | प्रथम सेमेस्टर के 50% अंक, द्वितीय सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन के 50% अंक |
| | चतुर्थ सेमेस्टर | तृतीय सेमेस्टर के 50% अंक चतुर्थ सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन के 50% अंक |
| | षष्ठम सेमेस्टर | पंचम सेमेस्टर के 50% अंक षष्ठम सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन के 50% अंक |
| | अंतिम सेमेस्टर | सप्तम सेमेस्टर के 50% अंक अंतिम सेमेस्टर के आंतरिक मूल्यांकन के 50% अंक |

उपरोक्त परीक्षा में कुछ विद्यार्थी पूर्व सेमेस्टर के SGPA कम होने के कारण अनुत्तीर्ण हो गये, जिसके कारण इनमें से कुछ विद्यार्थियों को आगामी सत्र में प्रवेश की पात्रता प्राप्त नहीं हो सकी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अप्रेल–2020 में कोविड–19 के कारण परीक्षा संबंधी जारी किये गये दिशा–निर्देशों में उल्लेख है कि कोविड–19 के दृष्टिगत जो विद्यार्थी नये सत्र में प्रवेश हेतु पात्रता नहीं प्राप्त कर पाए हैं, उन्हें नये सत्र में प्रवेश हेतु अनुमति प्रदान की जावे एवं ऐसे विषय जिनमें अनुत्तीर्ण होने के कारण उन्हें प्रवेश की पात्रता हासिल नहीं हो पाई है, में परीक्षा देने का एक अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जावे।

यूजीसी की उपरोक्त दिशा–निर्देशों में यह भी उल्लेख है कि कोविड–19 के कारण परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु बनाये गये विशेष प्रावधानों के अनुसार घोषित परीक्षा परिणाम से यदि विद्यार्थी संतुष्ट नहीं है तो उसे परीक्षा परिणाम को सुधारने हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जावे।
उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में, यह प्रस्तावित है कि जो विद्यार्थी उपरोक्त तालिका में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार घोषित परीक्षा परिणाम के कारण,सत्र 2020–21 के विषम(Odd) सेमेस्टरों में नियमित प्रवेश हेतु पात्रता प्राप्त नहीं कर पाये हैं, तो उन्हें नये सत्र में प्राविधिक रूप से प्रवेश देते हुए, आगामी जनवरी–2021 माह में आयोजित की जाने वाली परीक्षा में अनुत्तीर्ण विषयों के साथ–साथ नये नियमित सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की अनुमति प्रदान की जावे।

यदि इन परीक्षाओं में विद्यार्थी अध्यादेश के अनुसार सत्र 2020–21 में विषम (Odd) सेमेस्टर में नियमित प्रवेश की पात्रता प्राप्त कर लेता है तो उसका नये विषम (Odd) सेमेस्टर में प्रवेश स्वतः ही नियमित माना जावेगा, अन्यथा नये सेमेस्टर में उसके प्राविधिक प्रवेश को निरस्त माना जावेगा एवं उसके ऐसे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित नहीं किया जावेगा।
उपरोक्त के अतिरिक्त यदि कोई विद्यार्थी, यूजीसी की उपरोक्त दिशा निर्देशों के अनुसार, घोषित परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं है, तो वह ऐसे परीक्षा परिणाम को सुधारने हेतु जनवरी–2021 माह में आयोजित की जाने वाली परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है। यदि विद्यार्थी इस अतिरिक्त परीक्षा में सम्मिलित होता है, तो इस अतिरिक्त परीक्षा का परिणाम ही अंतिम माना जावेगा। विद्यार्थी का यह निवेदन कि उसके पूर्व परीक्षा परिणाम को (मई–जून–2020)मान्य किया जावे, मानने योग्य नहीं होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त यदि किसी विद्यार्थी के पूर्व सेमेस्टर में कम SGPA होने के कारण वह मई–जून–2020 परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाया है एवं आगामी परीक्षा जनवरी–2021 में भी पूर्व सेमेस्टर में कम SGPA होने के कारण, उत्तीर्ण होने की संभावना कम है तो ऐसे विद्यार्थी जनवरी–2021 की परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा केन्द्र में जाकर परीक्षा दे सकते हैं। ऐसे विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में पूर्व सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम के 50% अंकों के नियमों को आधार न

मानते हुए पूर्ण रूप से 100% इस परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही परीक्षा परिणाम घोषित किया जावेगा।

विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः— प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**पूरक विषय क्रमांक —2 मई—जून 2020 की परीक्षा में ग्रेड इम्प्रूवमेंट के विषयों का परीक्षा परिणाम निर्धारित करने बावत्।**

मई—जून 2020 की ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा में ग्रेड इम्प्रूवमेंट के विषयों का परीक्षा परिणाम निर्धारित करने के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया था। अतः ऐसे छात्र जिनका CGPA 5.0 से कम होने के कारण उच्च सेमेस्टर में प्रवेश प्राप्त नहीं कर सके उनके ग्रेड इम्प्रूवमेंट के विषयों के लिए 100 प्रतिशत ऑनलाइन/ऑफलाइन परीक्षा के प्राप्तांकों को आधार मानते हुए परीक्षा परिणाम घोषित किया जाये।

विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः—प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**पूरक विषय क्रमांक —3 पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के संबंध में समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन बाबत्।**

बैठक में दिसम्बर 2020 में पत्रोपाधि प्रभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के संबंध में समिति द्वारा निम्न अनुशंसाएं दी —

1. दिसम्बर 2020 के समस्त डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के अंतिम दो सेमेस्टरों की सैद्धांतिक परीक्षाएं ऑनलाईन ओपन बुक माध्यम से एम.सी.क्यू. पर आधारित ली जाएं ।
2. अंतिम दो सेमेस्टर छोड़कर अन्य सेमेस्टर की सैद्धांतिक परीक्षाएं ऑफलाईन मोड में ओपन बुक माध्यम से ली जाएं ।
3. अंतिम दो सेमेस्टर के ऐसे विद्यार्थी, जो ऑनलाईन परीक्षा में नेटवर्क या अन्य किसी कारण से सम्मिलित नहीं हो सके, उन विद्यार्थियों के लिए पुनः एक बार ऑनलाईन एम.सी.क्यू. मोड में ही परीक्षा आयोजित की जाएं । उक्त सेमेस्टर हेतु ऑफलाईन मोड में परीक्षा न ली जाए ।
4. प्रथम/द्वितीय सेमेस्टर के प्रमुख सैद्धांतिक विषयों की परीक्षाएं भी ऑफलाईन ओपन बुक माध्यम से एम.सी.क्यू. आधारित ली जाए । प्रमुख विषयों को छोड़कर प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के अन्य विषयों की परीक्षा ओपन बुक माध्यम से ली जाए । उक्त परीक्षा मार्च/अप्रैल 2021 में आयोजित की जाए ।
5. समस्त पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षाएं ऑनलाईन माध्यम से संस्था स्तर पर आयोजित की जाएं ।
6. ऑफलाईन मोड की उत्तर पुस्तिकाएं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित केन्द्रों पर/ ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित लिंक पर अपलोड या जमा की जाएं । विषम परिस्थिति में उक्त दोनों माध्यमों से उत्तर पुस्तिका जमा न होने की स्थिति पर विद्यार्थी उसी दिन स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी उत्तर पुस्तिका विश्वविद्यालय को भेज सकेंगे ।
7. उक्त परीक्षा में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम मई/जून 2020 में यूजीसी/एआईसीटीई की गाईड लाईन एवं विश्वविद्यालय की समितियों द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय अनुसार ही रखा जाए ।

विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः— प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**पूरक विषय क्रमांक –4 फार्मा ना भरने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म विलंब शुल्क सहित स्वीकार करते हुये उनके परीक्षा परिणाम को घोषित करने के बाबत्।**

विश्वविद्यालय द्वारा जून–2020 परीक्षा के लियेAssessment Base Exam के चलतेकुछछात्र/छात्राओं द्वारा यह मानागयाहैकिउनकोपरीक्षाफॉर्मभरने की आवश्यकता नहीं है और उनके द्वारा परीक्षा फॉर्म ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत नहीं किये गये, परीक्षा परिणाम की घोषणा के उपरांत जब उनके परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध नहीं हुए तो उन्होंने विश्वविद्यालय से संपर्क स्थापित किया और उन्हें ज्ञात हुआ कि उनके द्वारा परीक्षा फॉर्म नहीं भरने के कारण विश्वविद्यालय द्वारा उनके परीक्षा परिणाम की घोषणा नहीं की गई। ऐसे छात्र विश्वविद्यालय में बार–बार उपस्थित हो रहे हैं। अतः ऐसे छात्र/छात्राओं के **परीक्षा फॉर्म विलंब शुल्क** सहित स्वीकार करते हुये उनके परीक्षा परिणाम को घोषित करना प्रस्तावित है।

विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवंअनुमोदनार्थप्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई ।**

**पूरक विषय क्रमांक –5 महाविद्यालयों को Centre Expenses दियें जाने के संबंध में।**

विश्वविद्यालय द्वारा जून–2020 परीक्षा के लिये महाविद्यालयों को Centre Expenses (विश्वविद्यालय के नियमानुसार) छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरे जाने के आधार पर दिया जाना प्रस्तावितहै।

विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के अवलोकनार्थ एवंअनुमोदनार्थप्रस्तुत।

**निर्णयः– विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा Centre Expenses हेतु 50 प्रतिशत प्रदान करने की अनुशंसा की गई ।**

**पूरक विषय क्रमांक –6 Regarding Implementation of IUMS in SoIT and SoA,RGPV,Bhopal**

RGPV, Bhopal has developed the integrated University Management System (IUMS) and the Software is ready for implementation. At present the Pilot Implementatio of the IUMS is being done in four Unviersity. It is Proposed that the IUMS be implemented in School of Informatiion Technology (SoIT), RGPV,Bhopal and School of Architecture (SoA),RGPV, Bhopal for various UG and PG Courses for the student admiteed from the session 2020-21 Also, the Directro of the SoIT and SoA, RGPV,Bhopal be instructed to share the data of the admitted students with the IUMS cell to enroll the students.

प्रस्ताव अवलोकनार्थ एवं विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः–विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा SOIT, B.Tech, B.Arch, MBA छात्रों की समस्त प्रकार की गतिविधियॉ IUMS के माध्यम से संचालित करने की अनुशंसा की गई। साथ ही शैक्षणिक स्वायत्ता प्राप्त संस्थानों को भी IUMS के माध्यम से परीक्षाएं कराने का अनुरोध किया गया ।**

**पूरक विषय क्रमांक –7 DDIPG के नियममित छात्रों की जून, 2020 की परीक्षा के 6 एवं 8 सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित करने के संबंध में।**

DDIPG के नियममित छात्रों की जून, 2020 की परीक्षा के 6 एवं 8 सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित करने के संबंध में आयोजित बैठक के कार्यवाही विवरण विद्वत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।

**निर्णयः– प्रस्ताव की विद्वत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई।**

पूरक विषय क्रमांक —8 विश्वविद्यालय के अध्यादेश कमॉक 11 "Doctor of Philosophy" के पैरा कमॉक 17(2) में संशोधन के संबंध में स्पष्टीकरण हेतु।

विश्वविद्यालय की विद्ववत परिषद की बैठक दिनांक 24/12/2019 के कार्यवाही के अतिरिक्त विषय क्रमांक 02 के अन्तर्गत की गई अनुशंसा व कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 28/12/2019 के विषय क्रमांक 02 के निर्णय में विद्ववत परिषद के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन प्रदान किया गया।

निर्णय निम्नानुसार लिया गया :—

**विद्ववत परिषद् के सम्माननीय सदस्यों द्वारा विस्तृत विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया की अध्यादेश क्रमांक 11( With effect from 03rdJune 2010) की कंडिका 17(2) में निहित प्रावधान अनुसार SCI Index Journal, SCI Expended Journals मे दो शोध पेपर प्रकाशित करने के स्थान पर नवीन अध्यादेश क्रमांक 11( With effect from 03rdJune 2010) की कंडिका 17(2) में निहित प्रावधान अनुसार एक शोध पेपर प्रकाशित करने की अनुशंसा की गई।** अनुसार अध्यादेश क्रमांक 11 "Doctor of Philosophy" (with effect from 3rd June 2010) के पेरा कमॉक 17(2) में संशोधन किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है

**अध्यादेश क्रमांक 11 के पैरा 17.2 के अंतर्गत वर्तमान में निम्नानुसार प्रावधान है :—**

## स्पष्टीकरण हेतु

**17.0 Pre Submission Defense Committee (PSDC)**

(1) Prior to submission of the thesis, the candidate shall prepare a draft thesis and shall submit it in SOFT and HARD copy in the prescribed format of the university.

**** (2) However prior to the submission of draft Ph.D. thesis and PSDC, the candidate shall publish at least **two research papers** in the SCI Index Journal, SCI Expended Journals and Journals of Institution of Engineers (India) in case of Science/ Technology/ Engineering Streams, peer reviewed standard journal in case of humanities, Management & Social Science as approved by the University from time to time, in which the candidate is the sole author or if there are co-authors, then his/her name should be as first author. The reprint of such a paper along with reprints of other research papers published by him, if any, shall be appended inside the thesis at the end. If reprint has not been obtained till the time of submission of thesis, the acceptance letter along with the approved manuscript (i.e., pre-print) shall be appended inside the thesis at the end.

**संशोधन उपरान्त अध्यादेश कमॉक 11 के पैरा के 17.2 को निम्नानुसार पढ़ा जावेगा :—**

**17.0 Pre Submission Defense Committee (PSDC)**

(1) Prior to submission of the thesis, the candidate shall prepare a draft thesis and shall submit it in SOFT and HARD copy in the prescribed format of the university.

**** (2) However prior to the submission of draft Ph.D. thesis and PSDC, the candidate shall publish at least **two research papers** in which one research papers shall publish in the SCI Index Journal, SCI Expended Journals and Journals of Institution of Engineers (India) in case of Science/ Technology/ Engineering Streams, peer reviewed standard journal in case of humanities, Management & Social Science as approved by the University from time to time, in which the candidate is the sole author or if there are co-authors, then his/her name should be as first author and second research paper from peer reviewed Standard Journals as approved by UGC from time to time or make two paper presentation in conferences/ seminors. The reprint of such a paper along with reprints of other research papers published by him, if any, shall be appended inside the thesis at the end. If reprint has not been obtained till the time of submission of thesis, the acceptance letter along with the approved manuscript (i.e., pre-print) shall be appended inside the thesis at the end.

विद्ववत परिषद के सम्मानीय सदस्यों के समक्ष स्पष्टीकरण हेतु प्रस्तुत।

**निर्णयः— प्रस्ताव की विद्ववत परिषद के सदस्यों द्वारा यथा प्रस्तावित अनुशंसा की गई इसके साथ ही शोध कार्य में पेटेंट का एक पेपर प्रकाशित करने के समतुल्य मान्य के लिए गठित समिति की अनुशंसा अनुसार अमान्य किया गया।**

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्याल
भोपाल